पत्रिका

एसकेआरएयू के 1478 विद्यार्थियों को राज्यपाल प्रदान करेंगे उपाधि

25 फरवरी को आयोजित होगा दीक्षांत समारोह

बीकानेर @ पत्रिका. स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 21 वां दीक्षांत समारोह 25 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में 1478 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। विवि कुलपति डॉ. अरुण कुमार ने पदाधिकारियों के साथ सोमवार को दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक कार्य समय पर पूरे कर लिए जाएं। विभिन्न व्यवस्थाओं और कार्यो में आवश्यक समन्वय एवं संवाद रखा जाए। सभी समितियों के पदाधिकारी सौंपे गए दायित्वों को पूर्ण जिम्मेदारी से निभाएं।

कुलपति ने बताया कि राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरीभाऊ किसनराव बागड़े के मुख्य आतिथ्य में 21 वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्या मंडल में 25 फरवरी को सुबह 11 से आयोजित किया जाएगा। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा और विशिष्ट अतिथि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर तथा श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के पूर्व कुलपति डॉ नरेंद्र सिंह राठौड़ होंगे। दीक्षांत अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक और कृषि अनुसंधान व शिक्षा विभाग के पूर्व सचिव डॉ मंगला राय होंगे। कुलसचिव डॉ. देवाराम सैनी ने बताया कि दीक्षांत समारोह में राज्यपाल विश्वविद्यालय के कृषि संकाय, समुदायिक विज्ञान संकाय और आईएबीएम के 1,478 विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियां प्रदान की जाएंगी।

11/02/2025 | Bikaner City | Page : 4
Source : https://epaper.patrika.com/

25 फरवरी को आयोजित होगा कृषि विवि. का 21वां दीक्षांत समारोह

1478 विद्यार्थियों को प्रदान की जाएगी उपाधि, कुलगुरु ने लिया तैयारियों का जायजा

बीकानेर। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय का 21 वां दीक्षांत समारोह 25 फरवरी को आयोजित किया जाएगा । इस समारोह में 1478 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। विवि के कुलगुरु डॉ.अरुण कुमार ने संबधित पदाधिकारियों के साथ सोमवार को दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक ली। समारोह के लिए गठित विभिन्न समितियां के पदाधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए डॉ अरुण कुमार ने कहा कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक कार्य समय पर पूरे कर लिए जाएं। डॉ अरुण कुमार ने बताया कि राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरीभाऊ किसनराव बागडे के मुख्य आतिथ्य में 21 वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय परिसर स्थित विद्या मंडल में 25 फरवरी को प्रातः 11 से आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में अति विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री डॉ किरोड़ीलाल मीणा और विशिष्ट अतिथि महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर तथा श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के पूर्व कुलपति डॉ नरेंद्र सिंह राठौड़ होंगे। दीक्षांत अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व महानिदेशक और कृषि अनुसंधान व शिक्षा विभाग के पूर्व सचिव डॉ मंगला राय होंगे। कुलसचिव डॉ देवाराम सैनी ने बताया कि दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा विश्वविद्यालय के कृषि संकाय, समुदायिक विज्ञान संकाय और आईएबीएम के कुल 1478 विद्यार्थियों को विभिन्न उपाधियां प्रदान की जाएंगी।